Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 29-08-2005

Participants : Sangwan Shri Kishan Singh

>

Title : Need to address the problems being faced by drought affected farmers in Haryana.

श्री किशन सिंह सांगवान (सोनीपत) : सभापति महोदया, मैं एक महत्वपूर्ण समस्या की ओर सदन का ध्यान आकर्ति करना चाहता हूं। वैसे तो उत्तर भारत के कई प्रदेशों में, लेकिन हरियाणा में खासकर सुखे की भयंकर स्थिति है। मानसून सैशन में हमें उम्मीद थी कि बरसात होगी, लेकिन वह नहीं हुई। प्रदेश सरकार गूंगी, बहरी है और सो रही है। वहां पानी नहीं मिल रहा है, पशु प्यासे हैं, बिजली का इतना बुरा हाल है कि हमने अपनी जिंदगी में इतना बुरा हाल नहीं देखा। किसान मर रहा है, उसकी सारी फसल सूख गई है। गन्ना, जीरी, ज्वार, बाजरा आदि सब फसलें पीली पड़ गई हैं और उनमें बीमारियां लग गई हैं। हरियाणा सरकार तो गूंगी-बहरी है, वह सिर्फ अपने स्वागत अभिनंदन में ही लगी हुई है। उसे जनता से कुछ लेना-देना नहीं है। बिजली नहीं होने के कारण ट्यूबवैल्स फेल हो गए हैं। इसके अलावा हमने एक और चीज देखी कि हरियाणा में मच्छरों का प्रकोप बहुत हो गया है। उनकी सारे प्रदेश में भरमार हो गई है।

सभापति महोदया : ड्राउट का विाय आपने दिया था। कृपया संक्षेप में अपनी बात कहें।

श्री किशन सिंह सांगवान : मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि पूरे हरियाणा प्रदेश को सूखाग्रस्त क्षेत्र घोाित किया जाए। इसके अलावा केन्द्र से एक टीम वहां जाए और सर्वे करे, जिससे किसानों को उचित मुआवजा मिले, नहीं तो किसान बर्बाद हो VÉÉAÆMÉä[R90]।

MADAM CHAIRMAN : Now, Shri G. Karunakara Reddy. Please be brief.